# जिलाधिकारी ने कैलाश महादेव मन्दिर, बल्केश्वर महादेव मन्दिर तथा राजेश्वर महादेव मंदिर का किया निरीक्षण

## मंदिरों में सुरक्षा, बैरीकेडिंग, रैंप, सफाई, पेयजल, मेडिकल कैंप व यातायात व्यवस्था समयबद्ध पूर्ण करने के दिए निर्देश

अग्र भारत संवाददाता

**आगरा।** रविवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल ने एडीएम सिटी यमुनाधर चैहान के साथ पवित्र सावन मास के प्रथम सोमवार व कांवड़ यात्रा को लेकर शहर के शिव मंदिरों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी सर्वप्रथम कैलाश मंदिर पहुंचे जहां मंदिर परिसर तथा यमुना घाट पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया, तथा कैलाश मंदिर के महंतों से व्यवस्थाओं पर चर्चा की,महंत कैलाश मंदिर ने बताया कि विशेष रूप से, प्रथम सोमवार व कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं,

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक रैंप, मेडिकल कैम्प, बैरीकेडिंग, फुब्बारा सहित प्रमुख स्थानों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, मन्दिर प्रांगण में कुड़ा कलेक्शन हेतु डस्टबिन उपलब्ध कराने, सौंदर्यीकरण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात बल्केश्वर मंदिर पहुंचकर परिसर का निरीक्षण किया, यमुना पर बने पार्वती घाट पर व्यवस्थाएं देखी,तथा नगर निगम को रैंप, बेरीकेडिंग आदि बनाने तथा सड़कों के गड्ढे भरने को निर्देशित किया, जिलाधिकारी द्वारा राजेश्वर मंदिर में भी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एडीएम सिटी ने सभी मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस गारद तैनात करने, कांवड़ियों के प्रवेश तथा निकास हेतु अलग बेरीकेडिंग,यातायात व्यवस्था, रूट डायवर्जन हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने सभी मंदिर परिसर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।



आगरा में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने शिव मंदिरों का निरीक्षण कर मंदिर परिसर, यात्रा मार्ग, और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, और सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। यमुना के कैलाश घाट, बल्केश्वर स्थित पार्वती घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु बेरीकेडिंग करने, पीएसी जल पुलिस के साथ प्राइवेट गोताखोरों की तैनाती, सीसीटीवी, अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था करने के निर्देश दिए।यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए, रूट डायवर्जन और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करने कांवड़ियों व श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए, यातायात पुलिस और सिविल पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करने मंदिरों को जाने हेतु रास्तों की मरम्मत, नगर निगम को उचित सफाई, पेयजल, और अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आगरा में पुलिस व प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुगम तरीके से अपनी यात्रा पूरी कर सकें.

निरीक्षण में उपजिला मजिस्ट्रेट सदर विक्रम राघव व एसीपी अमीषा वर्मा व श्वेता वर्मा सहित नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी विभागों के संबधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 24 घंटे में खुली 80 लाख की चोरी, घरेलू सहायिका निकली मास्टरमाइंड

## मां, बहन और भाभी के साथ मिलकर रची थी साजिश, चोरी के सभी आभूषण बरामद; चारों आरोपी जेल भेजे गए

अग्र भारत संवाददाता

**आगरा।** थाना हरिपर्वत क्षेत्र के ओल्ड विजयनगर स्थित अनुपम रॉयल अपार्टमेंट में करीब 80 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी का पुलिस ने महज 24 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। मामले में घर में काम करने वाली घरेलू सहायिका ही चोरी की मास्टरमाइंड निकली। उसने अपनी मां, बहन और भाभी के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग से वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया है। सभी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।



घटना का अनावरण करने वाली पुलिस टीम के साथ एसीपी हरिपर्वत अमीषा सिंह जानकारी देती हुईं

पुलिस के अनुसार, ओल्ड विजयनगर निवासी स्कूल संचालक अनिल कुमार कौशिक ने घर से कीमती आभूषण चोरी होने की सूचना हरिपर्वत थाने में दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की। अपार्टमेंट और आसपास लगे 30 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान संदेह घर में काम करने वाली चांदनी पर गया। हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने चोरी की पूरी साजिश का खुलासा कर दिया।पूछताछ में सामने आया कि चांदनी को घर में रखे कीमती सामान और अलमारियों की पूरी जानकारी थी। उसने अपनी मां पूजा, बहन संजना और भाभी इमला को भी योजना में शामिल कर लिया। चांदनी मौका मिलने पर घर से आभूषण निकालकर डस्टबिन में छिपा देती थी। बाद में उसकी बहन और भाभी कूड़ा फेंकने के बहाने वहां पहुंचकर आभूषण निकाल ले जाती थीं। इसी तरीके से धीरे-धीरे लाखों रुपये के जेवर घर से बाहर पहुंचाए गए।पुलिस ने चारों महिलाओं के कब्जे से करीब 80 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों के खिलाफ पहले से विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन महिलाओं ने शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह की वारदातों को अंजाम दिया है या नहीं।एसीपी हरिपर्वत अमीषा सिंह ने बताया कि मामले में चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया गया है तथा चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। प्रकरण के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

### खुलासे में शामिल पुलिस टीम

कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी विजय नगर उपनिरीक्षक संदीप कुमार,सहित उप निरीक्षक सचिन मिश्रा, उप निरीक्षक श्याम वर्मा, महिला उपनिरीक्षक मंजू अत्री, महिला उपनिरीक्षक वैशाली, कांस्टेबल विजय, देवेंद्र कसाना तथा महिला कांस्टेबल आंचल और शालू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अभ्यास वर्ग की तैयारियों को लेकर सहकार भारती आगरा विभाग की बैठक सम्पन्न

## दो दिवसीय सहकार भारती अभ्यास वर्ग की विस्तृत रूपरेखा तैयार

**आगरा ।** आगरा में 2 अगस्त को सहकार भारती आगरा विभाग की विभागीय बैठक रविवार को समृद्धि सागर अपार्टमेंट स्थित विभाग कार्यालय में सम्पन्न हुई।बैठक का शुभारम्भ राष्ट्रऋषि लक्ष्मणराव इनामदार एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत मैनपुरी जिला के महामंत्री श्री कौशलेंद्र सिंह ने सबके साथ सहकार गीत का वाचन किया।

बैठक की अध्यक्षता आगरा विभाग के विभाग प्रमुख श्री राकेश शुक्ला ने की। बैठक में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद एवं मैनपुरी जिलों तथा आगरा महानगर के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।बैठक में प्रदेश सह महिला प्रमुख श्रीमती करुणा नागर, विभाग सह प्रमुख श्री अनिल सान्याल, आगरा महानगर के महामंत्री श्री रोहित तवकले, संगठन प्रमुख प्रो. पी. के. सिंह, आगरा जिला के उपाध्यक्ष श्री पीयूष गुप्ता, महामंत्री श्री गंगा सिंह सिकरवार, संगठन प्रमुख श्री देवेन्द्र सिंह कुशवाह, महिला प्रमुख श्रीमती मुन्नी देवी, सह महिला प्रमुख श्रीमती शिव कुमारी, मैनपुरी जिला अध्यक्ष श्री केशव सिंह, महामंत्री श्री कौशलेंद्र सिंह, संगठन प्रमुख श्री अनूप सिंह भदौरिया, फिरोजाबाद महानगर जिलाध्यक्ष श्री अमित कुमार, महामंत्री श्री मनीष शर्मा, फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष श्री संजय त्रिपाठी, सी.ए. श्री नरेश चन्द्र बंसल, मथुरा जिला के महामंत्री श्री रंधीर सिंह, कार्यालय सह प्रमुख श्रीमती राखी कुशवाह तथा उमेश, बंटी, बृज किशोर, पूजा, मछला देवी, संगीता एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक को संबोधित करते हुए विभाग प्रमुख श्री राकेश शुक्ला ने आगामी 12-13 सितंबर 2026 को बलवंत विद्यापीठ रूरल इंस्टीट्यूट, बिचपुरी में आयोजित होने वाले दो दिवसीय सहकार भारती अभ्यास वर्ग की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने अभ्यास वर्ग की तैयारियों, आवास, भोजन, पंजीकरण तथा अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही प्रत्येक जिले से अपेक्षित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं संभावित सहभागिता की समीक्षा भी की गई।

अभ्यास वर्ग के सफल संचालन हेतु एक व्यवस्था समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रो. पी. के. सिंह बनाए गए। श्री राकेश शुक्ला को संरक्षक तथा श्री अनिल सान्याल को सह-संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति में श्री गंगा सिंह सिकरवार, श्री रोहित तवकले, श्री देवेन्द्र सिंह कुशवाह, श्री पीयूष गुप्ता, श्री केशव सिंह, श्री संजय त्रिपाठी, श्री अमित कुमार, श्री मनीष शर्मा, श्री रंधीर सिंह सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों को सदस्य बनाया गया।

बैठक में संगठन विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा आगरा जिला की कार्यकारिणी में कुछ नए सदस्यों के चयन पर सहमति व्यक्त की गई।

प्रदेश एवं विभाग स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में संगठन के प्रति नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आगामी अभ्यास वर्ग को पूर्ण सफलता प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया। अंत में आगरा महानगर के संगठन प्रमुख प्रो. पी. के. सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि विभाग सह प्रमुख श्री अनिल सान्याल ने समापन मंत्र का उच्चारण कराया। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ 'सहकार भारती आई है, नई रोशनी लाई है' का सामूहिक उद्घोष किया। इस प्रेरणादायी नारे के साथ बैठक का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### दहेज हत्या का वांछित आरोपी घर से गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** बसई मोहम्मदपुर थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे मुखबिर की सूचना पर उसके गांव रामदासपुरा स्थित घर से दबोच लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में बसई मोहम्मदपुर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार थाना बसई मोहम्मदपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 109/2026 में बीएनएस की विभिन्न धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत वांछित श्रीभगवान उर्फ लुक्का पुत्र तिलक सिंह, निवासी रामदासपुरा, को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

# आगरा में Genz Against Addiction - नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' कार्यक्रम का हुआ आयोजन





अग्र भारत संवाददाता

**आगरा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं MY Bharat के तत्वावधान में गणेश राम नगर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, बलकेश्वर, आगरा में 'Genz Against Addiction - नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम के लिए पूरे देश से 25 जिलों का चयन किया गया, जिनमें आगरा जिले को भी शामिल किया गया। आगरा को यह विशेष अवसर प्राप्त हुआ कि यहां आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जिले के लगभग 350 युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जुड़कर संवाद एवं संबोधन में सहभागिता की। इस अवसर ने आगरा के युवाओं को नशा मुक्ति एवं विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने के साथ-साथ देशव्यापी अभियान का हिस्सा बनने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर से जुड़े युवाओं को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने युवाओं को नशे जैसी गंभीर सामाजिक बुराई से दूर रहने तथा देश के प्रत्येक युवा को स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और युवाओं की ऊर्जा एवं प्रतिभा का उपयोग विकसित भारत के निर्माण में होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने मित्रों, परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने युवाओं को प्रेरित करते हुए नशा मुक्त युवा और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने तथा एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जी का संबोधन सुनकर कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं में विशेष उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ।

इस अवसर पर विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने उपस्थित सभी युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और युवाओं से नशे से स्वयं दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे के विरुद्ध जागरूक करने का आह्वान किया।

वहीं जिला युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार सहगल ने युवाओं को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। कार्यक्रम में श्रीमती चारु पटेल , प्रधानाचार्या, गणेश राम नगर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, बलकेश्वर, आगरा की महत्वपूर्ण सहभागिता एवं सहयोग रहा। साथ ही राखी जी एवं जूली मैडम के सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में MY Bharat Volunteers - अंकित, अर्शिया हाशमी, रोहित राठौर एवं दीक्षा कुमार का विशेष सहयोग एवं सक्रिय भूमिका रही। सभी के सामूहिक प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी युवाओं ने 'नशा मुक्त युवा - विकसित भारत' के संकल्प को मजबूत करने तथा देश को नशा मुक्त बनाने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

### श्रावण मास में प्याऊ के पास अवैध मीट बिक्री का आरोप, जिम्मेदार अधिकारी क्यों बने मूकदर्शक




**सिकंदरा (अग्र भारत)।** श्रावण मास के दौरान धार्मिक आस्था को देखते हुए प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर मीट की बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी बीच क्षेत्र में एक प्याऊ के पास स्थित चांद अल्वी के ढाबे पर कथित रूप से खुलेआम अवैध मीट बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस को मामले की जानकारी होने के बावजूद ढाबे पर मीट की बिक्री लगातार जारी है, जिससे श्रद्धालुओं और राहगीरों में नाराजगी व्याप्त है। बताया जा रहा है कि श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मार्ग से गुजरते हैं और प्याऊ पर पानी पीने के लिए रुकते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सिकंदरा राजीव त्यागी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। जांच कराकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 'आगरा की नीरू बंसल बनी राज्य समुचित प्राधिकारी'

अग्र भारत सवाददाता

**आगरा।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा श्रीमती नीरू बंसल, न्यू आगरा, आगरा निवासी को राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा अधिसूचना संख्या 1088/पांच 9-2026-6(74)/94 टी. सी. से संपूर्ण उत्तर प्रदेश के लिए राज्य समुचित प्राधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।



परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत राज्य समुचित प्राधिकरण (PCPNDT ACT 1994) के तहत गठित प्रमुख निकाय है, जो कि गर्भाधान-पूर्व व प्रसव-पूर्व लिंग जांच व कन्या भ्रूण हत्या जैसी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए राज्य स्तर पर कार्य करता है तथा जिला स्तर के समुचित प्राधिकारियों के कार्यों की न केवल निगरानी रखता है, अपितु नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सीधी कार्यवाही का अधिकार रखता है।

अपनी नियुक्ति पर श्रीमती नीरू बंसल ने महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री/परिवार कल्याण-स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जैसा हमारे देश के प्रधानमंत्री जी का स्वप्न है 'बेटी बचाओ ', उसको इस दायित्व से शुद्धता से प्रभावी बनाने में हर संभव कार्य करूँगी। उ.प्र.के किसी भी नागरिक को बिटिया को उच्च शिक्षा देकर स्वावलंबी बनाना चाहिए। इस कार्य में सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर स्कूल-कॉलेज एवं समाज में संगोष्ठियों का आयोजन करना चाहिए। इस कार्य को सफल बनाने में चिकित्सकों की विशेष महत्ता है। विशेष भेंट में राज्य के अपर मुख्य सचिव अमित घोष द्वारा समयबद्ध मार्गदर्शन का आश्वासन दिया।

नियुक्ति पर महापौर हेमलता दिवाकर , महापौर बरेली उमेश गौतम , मंत्री एस.पी.सिंह बघेल, विधायक पुरूषोत्तम खण्डेलवाल, पूर्व मंत्री उदयभान सिंह, पूर्व मंत्री डा.राम बाबू हरित , श्याम भदौरिया , डी.जी.सी धर्मेन्द्र वर्मा, डॉ. संदीप अग्रवाल , भरत शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाये दीं व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही रेडियोलॉजिस्ट एसोसिएशन के डा. सुभाष बालियान, तनुज गर्ग व आगरा से डा. संजना अरोरा ने बधाई दी।

# जनकपुरी आयोजन समिति मंत्री बनने पर दुपट्टा पहनाकर किया स्वागत



अग्र भारत संवाददाता

**आगरा।** रविवार को भारत विकास परिषद एकलव्य शाखा द्वारा भावना एस्टेट क्षेत्र में आयोजित होने जा रही उत्तर भारत की सुप्रसिद्ध जनकपुरी महोत्सव की महिला समिति की अध्यक्ष,शाखा की महत्वपूर्ण सदस्य श्रीमती अमृता पोरवाल , महिला मंडल मंत्री रश्मि गुप्ता एवं राहुल पोरवाल का जनकपुरी आयोजन समिति मंत्री बनने पर दुपट्टा पहनाकर,पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।शाखा सदस्य श्रीमती रजनी गुप्ता, डॉक्टर मनोरमा बघेल, प्रियंका पोरवाल शिखा मिश्रा, रिशु बंसल, शालिनी बंसल ,मृदुल गुप्ता ,अनुराधा शर्मा, शाखा अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा,विजय अग्रवाल,रोहित कत्याल,प्रवीण बंसल, अतिन बंसल, एके गुप्ता, एस के शर्मा, रवि शर्मा, आर के गुप्ता, डॉक्टर नवीन चौहान,विशाल पोरवाल आदि उपस्थित रहे।